रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
No. of printed pages : 7

**032**
**045**

**232 (HRH)**
**245 (HRR)**

# 2026

# गृह विज्ञान

# HOME SCIENCE

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 70**

**Time : 3 Hours ]** **[ Max. Marks : 70**

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 24 प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**Directions :** There are in all 24 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 तथा 2 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 3 से 6 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

Question No. 1 and 2 are multiple choice questions. Four options are given in answer of each part of these questions. Write correct option in your answer book. Question No. 3 to 6 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 7 से 11 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए।

Question No. 7 to 11 are to be answered in about 30 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 12 से 17 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।

Question No. 12 to 17 are to be answered in about 50 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 18 से 23 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए। प्रश्न संख्या 24 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है।

Question No. 18 to 23 are to be answered in about 80 words each. Question No. 24 is case/source based question.

(viii) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

1. (क) निम्न में कौन सी विकास की विशेषता है, वृद्धि की नहीं - 1

(i) मात्रात्मक परिवर्तन (ii) आकार में वृद्धि

(iii) गुणात्मक परिवर्तन (iv) मापने योग्य

Which of the following is a characteristic of development, not of growth -

(i) Quantitative change (ii) Increase in body size

(iii) Qualitative change (iv) Measurable

(ख) शिशुओं के लिए चित्र सहित पुस्तकें उपयोगी होती हैं क्योंकि वे- 1

(i) ध्यान आकर्षित करती हैं (ii) भाषा विकास में मदद करती हैं

(iii) विषय वस्तु की पहचान कराती हैं (iv) ये सभी

Picture books are useful for infants because they-

(i) attract attention (ii) help in language development

(iii) help in identifying the content (iv) All of these

(ग) चुल्लिका ग्रंथि की क्रियाशीलता के लिए आवश्यक पोषक तत्व है - 1

(i) लौह तत्व (ii) नियासिन

(iii) आयोडीन (iv) इनमें से कोई नहीं

Essential nutrient for the proper functioning of the thyroid gland is -

(i) Iron (ii) Niacin

(iii) Iodine (iv) None of these

(घ) परिवार के आर्थिक संसाधन में निम्न में से क्या शामिल है? 1

(i) परिवार की आय (ii) परिवार का समय

(iii) सामाजिक संबंध (iv) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is included in family's financial resources?

(i) Family Income (ii) Family Time

(iii) Social Relationship (iv) None of these

(ङ) कौन सा संसाधन स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी सुविधाओं से संबंधित है- 1

(i) समय और श्रम (ii) शक्ति

(iii) सामुदायिक सेवायें (iv) ये सभी

Which resource is related to facility of health and education?

(i) Time and labor (ii) Energy

(iii) Community Services (iv) All of these

(च) वस्त्रों की परिसज्जा के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक है - 1

(i) वस्त्र का प्रकार और बनावट (ii) पसंदीदा रंग

(iii) प्रचलित फैशन (iv) इनमें से कोई नहीं

The most important factor for the finishing of clothes is -

(i) Type and texture of the fabric (ii) Favourite color

(iii) Fashion trend (iv) None of these

(छ) धन प्रबन्धन का मुख्य उद्देश्य है - 1

(i) केवल धन बचाना (ii) धन का सही उपयोग और बचत करना

(iii) कर्ज लेना (iv) केवल खर्च करना

The main objective of money management is -

(i) Only to save money (ii) To use money wisely and saving

(iii) To take loan (iv) Only to spend

(ज) उपभोक्ता का सुरक्षित उत्पाद प्राप्त करने का अधिकार संबंधित है – 1

(i) स्वास्थ्य और सुरक्षा से (ii) पैसे की बचत से

(iii) पर्यावरण सुरक्षा से (iv) विज्ञापन के प्रभाव से

The consumer's right to receive safe product is related to –

(i) Health and safety (ii) Saving money

(iii) Environmental protection (iv) Influence of advertisements

2. **निर्देश :** इस प्रश्न के दोनों खण्डों में, दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Direction :** In both parts of this question, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।
A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।
Both A and R are incorrect.

(क) **अभिकथन (A) :** संतुलित आहार योजना शरीर की सूक्ष्म पोषक आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक होती है।

**कारण (R) :** सूक्ष्म पोषक तत्व केवल एक ही खाद्य समूह से प्राप्त हो जाते हैं। 1

**Assertion (A):** A balance meal plan helps to meet the body's micronutrient requirement.

**Reason (R) :** Micronutrients are obtained from only one food group.

(ख) **अभिकथन (A) :** उपभोक्ता शिक्षा, उपभोक्ता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करती है।

**कारण (R) :** यदि उपभोक्ता अपने अधिकारों से अवगत होते हैं तो वे धोखाधड़ी से बच सकते हैं। 1

**Assertion (A) :** Consumer education makes consumers aware of their rights.

**Reason (R) :** If consumers are aware of their rights they can avoid fraud.

3. धन को तिजोरी में बंद करके रख देना ---------- कहलाता है। 1

   Keeping money locked away in a safe is called ----------.

4. शरीर में कार्बोहाइड्रेट की अधिकता से होने वाले रोग का नाम बताइये। 1

   Name the disease caused by excess of carbohydrate in the body.

5. ऊर्जा की मात्रा का मापन ---------- द्वारा किया जाता है। 1

   The amount of energy is measured in ----------.

6. 'सॉल्ट ऑफ लेमन एक अम्लीय प्रतिकर्मक है।' यह कथन सत्य है या असत्य? 1

   'Salt of lemon is an acidic reagent'. Is this statement True or False?

7. 'स्वत्व प्रेम' से आप क्या समझते हैं? 2

   What do you mean by 'Auto-erotism'?

8. वस्त्रों पर लगे व्यापारिक चिन्ह से क्या आशय है? 2

   What is meant by the trademark on clothing?

9. आहार संग्रह से क्या आशय है? 2

   What is meant by food storage?

10. सफेद वस्त्रों को नील क्यों लगाया जाता है? 2

    Why are white clothes treated with bluing?

11. बालक के संवेगात्मक विकास में खेल कैसे सहायक होते हैं? 2

How do games help in the emotional development of a child?

12. रोग प्रतिरक्षण से क्या आशय है? बच्चों को लगाए जाने वाले मुख्य टीकों का उल्लेख कीजिए। 3

What is meant by immunization? Mention the major vaccines administered to children.

13. शिशु के जीवन में टी.वी. तथा वीडियो गेम्स की भूमिका का उल्लेख स्पष्ट कीजिए। 3

State the role of T.V. and Video games in a child's life.

14. बच्चों की खेल सामग्री किन विशेषताओं से युक्त होनी चाहिए? 3

What features should be equipped in Children's play material?

15. शरीर में वसा की कमी व अधिकता के दुष्परिणामों का उल्लेख कीजिए। 3

Mention the harmful effects of deficiency and excess of fat in the body.

16. सिले-सिलाए तैयार वस्त्रों के मुख्य गुण एवं दोष बताइए। 3

State the main merits and demerits of readymade garments.

17. आहार स्वास्थ्य विज्ञान के अनुसार, पशुओं से होने वाले संक्रमण को रोकने के क्या उपाय किए जाने चाहिए? 3

According to food hygiene, what measures should be taken to prevent animal borne infections?

18. शैशवावस्था में होने वाले सामाजिक विकास की व्याख्या कीजिए। 4

Explain the social development that occurs during infancy.

19. आहार नियोजन से क्या आशय है? आहार नियोजन की आवश्यकता का उल्लेख कीजिए। 4

What is meant by meal planning? Mention the necessity of meal planning.

**अथवा/OR**

पोषण के दृष्टिकोण से कैलोरीज एवं प्रोटीन की आहार की सुझावित मात्रा (आई.सी.एम.आर द्वारा) का विवरण प्रस्तुत कीजिए।

From a nutritional perspective, provide details of the recommended dietary allowances of calories and protein (as suggested by ICMR).

20. शुष्क धुलाई से क्या आशय है? शुष्क धुलाई के लाभ व हानियों का वर्णन कीजिए। 4

What is meant by dry cleaning? Describe the advantages and disadvantages of dry cleaning.

**अथवा / OR**

कपड़ों के दाग-धब्बे छुड़ाने के लिए किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए? स्पष्ट कीजिए।

What precautions should be taken while removing stains from clothes. Explain.

21. परिवार के मानवीय साधन कौन-कौन से हैं? उनके महत्व को स्पष्ट कीजिए। 4

What are the human resources of the family? Explain their importance.

**अथवा / OR**

''पारिवारिक साधनों का समझदारी से उपयोग करना चाहिए''। इस कथन की व्याख्या कीजिए।

"Family resources should be used wisely". Explain this statement.

22. पारिवारिक बचत विनियोग के साधनों का उल्लेख कीजिए। 4

Mention the means of investing family savings.

**अथवा / OR**

पारिवारिक व्यय को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।

Describe the factors affecting family expenditure.

23. उपभोक्ताओं के मुख्य उत्तरदायित्वों का संक्षिप्त विवरण दीजिए। 4

Give brief description of the main responsibilities of consumers.

**अथवा / OR**

भोज्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के कानून की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत किन भोज्य पदार्थों को मिलावट युक्त माना जाता है? समझाइए।

Under the various sections of the law for preventing food adulteration, which food items are considered to be adulterated? Explain.

24. **निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए-**

**Read the following passage carefully and answer the questions given below-**

वस्त्रों की सफाई मानव जीवन में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए आवश्यक है। स्वच्छ वस्त्र शरीर को केवल बाह्य प्रदूषण से ही नहीं, अपितु सूक्ष्म रोगाणुओं के प्रभाव से भी सुरक्षित रखते हैं। नियमित धुलाई से वस्त्रों में संचित धूल, पसीना तथा मैल पूर्णतः दूर हो जाता है। वस्त्रों की सफाई की प्रक्रिया में उचित तापमान, जल की गुणवत्ता तथा धुलाई की विधि अत्यधिक महत्वपूर्ण है। धुलाई के उपरांत वस्त्रों को पूर्णतः सुखाना आवश्यक है। स्वच्छ, सुगंधित एवं सुव्यवस्थित वस्त्र न केवल सौंदर्यबोध को विकसित करते हैं, बल्कि व्यक्ति की अनुशासित एवं सजग जीवनशैली को भी प्रतिबिंबित करते हैं।

(i) वस्त्रों की सफाई मानव जीवन में क्यों आवश्यक है? 1

(ii) वस्त्रों की सफाई की प्रक्रिया में क्या महत्वपूर्ण है? 1

(iii) स्वच्छ वस्त्र व्यक्ति के बारे में क्या दर्शाते हैं? 2

Cleaning clothes is essential in human life to maintain hygiene and health. Clean clothes protect the body not only from external pollution but also from the effects of microscopic germs. Regular washing completely removes accumulated dust, sweat and dirt from clothes. In the process of cleaning clothes, appropriate temperature, water quality and washing method are highly important. After washing, it is necessary to dry clothes completely. Clean, fragrant and well organised clothes not only enhance the sense of aesthetics but also reflect a person's disciplined and alert lifestyle.

(i) Why is cleaning clothes necessary in human life?

(ii) What is important in the process of cleaning clothes?

(iii) What do clean clothes indicate about a person?

*****